चैक-मैट का लक्ष्य लिए उज्जैन पहुंचे राष्ट्रीय-अतंराष्ट्रीय खिलाड़ी

- दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता के
- पहले दिन हुए रोचक मुकाबले

उज्जैन। उज्जैन में पहली बार फर्स्ट रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया। बुद्धि और विवेक के इस खेल शतरंज में पांच साल से लगाकर 90 साल तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और एमपी चैस एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में उज्जयिनी शतरंज संघ, उज्जैन द्वारा आयोजित की गई है। दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन पांच राउंड के मुकाबले आयोजित किए गए। हर मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपने कॉम्पिटिटर को चैक मैट करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। हर एक राउंड के बाद खिलाड़ियों की जीत के साथ उनकी रैटिंग बढ़ती रही। इस स्पर्धा में ग्रेंड मास्टर, फिडे मास्टर, आईएम, सीएम सहित करीब 250 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इसके पहले शनिवार को फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि स्वामी परमानंद महाराज, मध्यप्रदेश शतरंज कमेटी के पदाधिकारी व इंटरनेशलन मास्टर अक्षत खंपरिया, ग्रेंड मास्टर हिमांशु शर्मा, फिडे मास्टर प्रसन्नजीत दत्त, डॉ. सुनील सोमानी, एमपी चैस एडहॉक कमेटी के सदस्य अनिल फतेचंदानी, उज्जयिनी शतरंज संघ के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, सचिव महावीर जैन, टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ. ए.के. पाल उपस्थित थे। जिनका स्वागत संस्था सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी परमानंद महाराज ने कहा कि यह जो जीवन हम जी रहे हैं, यह एक शतरंज है। अक्षत खंपरिया ने कहा कि ये गर्व की बात है, इसमें इंटरनेशनल मास्टर, ग्रेंड मास्टर, फिडे मास्टर खेल रहे हैं। ये उज्जैन के बच्चों के लिए रैटिंग इंप्रूव करने का अच्छा अवसर होगा। राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. सुनील सोमानी ने कहा कि आज भारत में 94 ग्रेंड मास्टर हैं, जल्द ही हम न सिर्फ 100 का आंकड़ा पार करेंगे बल्कि विश्व में सर्वाधिक ग्रेंड मास्टर भी भारत से ही होंगे।

रविवार को होगा प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन

इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के 24 शहरों सहित भारत के कई राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को हुए पांच राउंड के बाद रविवार की सुबह 10 बजे स्पर्धा के छठें राउंड से स्पर्धा की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता का नौवां और अंतिम राउंड दोपहर 3.30 बजे से आरंभ होगा। इसके बाद शाम 05.00 बजे समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उज्जयिनी शतरंज संघ के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के लिए दो लाख रूपए के नकद पुरस्कार रखे गए हैं।

कॉसमॉस मॉल की पार्किंग में गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण

उज्जैन। नानाखेड़ा स्थित कॉसमॉस मॉल में छापा मार कार्रवाई की है, खाद्य विभाग की टीम को मॉल की पार्किंग में अवैध कमर्शियल गैस टंकियां रखे होने की सूचना मिली। भनक लगने पर मॉल के जिम्मेदारों ने ताबड़तोड़ टंकियां चोरी चुपके हटा ली।

उज्जैन शहर के प्रमुख शॉपिंग सेंटर कॉसमॉस में शनिवार को खाद्य विभाग ने बड़ी छापामार कार्रवाई की। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देश पर की गई कार्रवाई से गैस एजेंसी संचालक से माल के जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया। फवारा चौक स्थित एक गैस एजेंसी से एचपी की गैस टंकीयां यहां सप्लाई की जाती है। इस कार्रवाई के दौरान पार्किंग क्षेत्र में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण का मामला सामने आया, जिससे मॉल की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उधर गैस का देश भर में क्राइसिस चल रहा है ,अवैध कमर्सिशियल गैस सिलेंडर का

भंडारण जो पाया गया उसमें कलेक्टर ने कार्रवाई के आदेश दिए। कॉसमॉस मॉल की पार्किंग में लोहे के बॉक्स बनाकर करीब 30 -40 गैस टंकियों का अवैध भंडारण किया गया था। इन्हीं टंकियों से मॉल के अंदर संचालित रेस्टोरेंट्स और फूड आउटलेट्स को गैस सप्लाई की जा रही थी। यह स्थान उसी परिसर में है जहां ऊपर पीवीआर सिनेमा और बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन घूमने और फिल्म देखने आते हैं। ऐसे में यदि आगजनी या किसी प्रकार का हादसा होता तो पार्किंग से लेकर सिनेमा हॉल तक बड़ी दुर्घटना की आशंका बन सकती थी। मॉल प्रबंधन की ओर से अधिकारियों को बताया गया कि उनका एचपीसीएल से टायअप है और मॉल वर्ष 2012 से संचालित हो रहा है। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है और यदि अवैध भंडारण या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मॉल परिसर में संचालित रेस्टोरेंट्स, जिनमें पिज्जा आउटलेट सहित अन्य फूड ब्रांड शामिल हैं, को गैस सप्लाई की व्यवस्था की भी जांच की जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से एहतियातन यह कार्रवाई की गई है।

इंदौर में एक कार चार्जिंग के दौरान आग लगी, जिसमें यह भी पता चला की पोल से आग लगी, 8 लोगों की मौत हो गई, वो जांच अभी चल ही रही है। ऐसी घटना उज्जैन में ना हो इसको लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई।

एसडीएम पवन बारिया पहुंचे मौके पर

कार्रवाई के दौरान एसडीएम पवन बारिया भी मौके पर पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने मॉल प्रबंधन और रेस्टोरेंट संचालकों से गैस सिलेंडरों के बिल, सप्लाई रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेज मांगे। अधिकारियों ने यह भी जानकारी ली कि गैस सिलेंडर कितने हैं और किस माध्यम से उनकी सप्लाई रेस्टोरेंट्स तक की जा रही है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गैस सिलेंडरों की सप्लाई स्थानीय वेंडर के माध्यम से की जा रही थी और पार्किंग क्षेत्र में ही उनका भंडारण किया गया था। टीम के पहुंचने की जानकारी लगते ही अवैध रूप से रखी गई कई गैस टंकियों को जल्दबाजी में वहां से हटा लिया गया।

नाबालिग का शोषण करने वाला 45 दिन बाद पकड़ाया

उज्जैन। नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के बाद अनैतिक काम करने वाले युवक को 45 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बड़नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 साल की बालिका 31 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की। 2 दिन बाद बालिका को दस्तयाब किया गया। इस दौरान सामने आया कि उसके साथ शिक्षक कालोनी में रहने वाले कान्हा पिता प्रकाश 20 वर्ष ने अनैतिक काम किया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बालिका के बयान दर्ज कर मामले में अनैतिक काम करने की धारा का इजाफा कर युवक की तलाश शुरू की गई, वह लगातार फरार चल रहा था। 45 दिन बाद गुरूवार रात खबर मिली कि उक्त युवक अपने घर आया हुआ है। तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, आरक्षक हेमराज खरे, कैलाश गरवाल और महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम को रवाना किया गया। टीम द्वारा शिक्षक कालोनी में घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड़ा और थाने लेकर आये। जहां विधिवत उसकी गिरफ्तारी कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश होने पर उसे जेल भेजा गया है।

मकान से मिली 1 लाख की विदेशी शराब

- आबकारी विभाग टीम ने महिला को पकड़ा, पति हो गया फरार

उज्जैन। मक्सी रोड पर अवैध शराब का भंडारण होने की खबर मिलने पर आधी रात को आबकारी विभाग की टीम ने दबिश मारी तो 1.10 लाख की विदेशी शराब बरामद हो गई। आबकारी टीम ने महिला को हिरासत में लिया उसका पति फरार हो गया था।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि मक्सी रोड गोपालपुरा क्षेत्र में एक मकान से शराब बेची जाने की जानकारी मिलने पर शुक्रवार शनिवार रात टीम द्वारा दबिश दी गई। मकान में एक महिला होना सामने आई जिसका नाम भारती पति पवन था। टीम द्वारा मकान की तलाशी ली गई तो विदेशी शराब की 100 से अधिक बोतल बरामद हो गई। भारती को गिरफ्तार कर मामले में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपिया के पति को भी आरोपी बनाया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। शनिवार को महिला आरोपिया को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पति की गिरफ्तारी के बाद और अधिक जानकारी मिलेगी।

एक नजर में

राष्ट्रीय गुजराती बलाई समाज ने की नई पहल

उज्जैन। राष्ट्रीय गुजराती बलाइ समाज ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नई पहल की शुरुआत की है। परंपरागत रूप से विवाह-मांगलिक कार्यों के लिए चिंतामन गणेश मंदिर (उज्जैन) में लगन लिखवाने की प्रथा रही है। लेकिन अब समाज ने इसे अंगपात श्री राम मंदिर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। इस शुभ कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय गुजराती बलाइ समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू सिंह पारेगी ने किया। जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने अंगपात श्री राम मंदिर पहुंचकर अपनी लगन लिखवाई। प्रमुख रूप से विष्णु सोलंकी (सोलसंधि, कमली खेड़ा), शंकर लाल (सरपंच), राजेश रिंगनोदिया, भंवर लाल सुनेडा, बाबूलाल मुंडला, बद्रीलाल भाखेड़ा, दिनेश दुनालजा, ओंकार लाल और कैलाश चौसला जैसे समाजजन इस अवसर पर विशेष रूप से शामिल हुए। समाज के युवा और वरिष्ठ दोनों वर्गों ने इस पहल में उत्साह दिखाया, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में समाज के वरिष्ठजन भी बड़ी संख्या में पधारे, जिनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह डाबी, अर्जुन सिंह हारोड़, नगजीराम झाला, मायाराम परमार, देवीलाल डाबी, छगनलाल महाराज, मुकेश धानक और अरुण सोलंकी जी शामिल थे। यह नई पहल न केवल परंपराओं के निर्वहन का माध्यम बनी, बल्कि समाज की एकता, धार्मिक आस्था और स्थानीय मंदिर की महत्ता को भी मजबूती प्रदान करती है।

अग्रवाल आराध्या क्लब ने मनाया गणगौर

उज्जैन। अग्रवाल आराध्या क्लब द्वारा गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में सिंजारा महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष मीना गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हाथों में मेहंदी रचाई और टैटू आर्ट करवाया। कार्यक्रम के दौरान सिंजारा सजाओ, दोहे सुनाओ और विभिन्न रंगारंग खेलों का आयोजन भी किया गया। इन मनोरंजक गतिविधियों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शानदार आकर्षण और प्रदर्शन के आधार पर बबीता अग्रवाल को सिंजारा क्वीन के खिताब से सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल और रोचक बनाने में सोनाली, आकांक्षा, पलक, आशिता, रितु और ममता अग्रवाल की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने इस शानदार आयोजन के लिए पूरी आराध्या क्लब टीम के प्रयासों की सराहना की।

गुड़ी पड़वा पर पौधे व सकोरे वितरित किए

उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु गुड़ी पड़वा पर पटेल नगर में 101 पौधे वितरित किये गये तथा ग्रीष्मकाल में पक्षियों को शीतल जल की व्यवस्था करने हेतु नि :शुल्क सकोरे भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों को भी दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर गुड़ व नीम खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर उपस्थितजनों को पौधारोपण हेतु प्रेरित कर स्वच्छ व हरित वातावरण निर्मित करने हेतु प्रेरित किया गया तथा पौधों की उचित देखभाल, नियमित सिंचाई व संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। एक व्यक्ति एक पौधा अभियान के तहत अपने आसपास हरियाली बढ़ाने हेतु भी आह्वान किया गया। कार्यक्रम संयोजक व पर्यावरण प्रेमी अर्पित गोयल के अनुसार इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, स्मार्ट सिटी से राजेंद्र भाटी, एसआई सोनू पटोलिया, वार्ड दरोगा आदि उपस्थित रहे।

शादी रोकने पहुंची मां पर हमला

- मामा के पास रहने वाली भांजी की शादी तय होने पर पहुंची थी मां

उज्जैन। मामा के पास रहने वाली भांजी की शादी तय करने का पता मां को चला तो वह भाई के घर पहुंची। बेटी की शादी का विरोध किया तो भाई ने लोहे के सरिये से हमला कर दिया। पुलिस घायल के बयान दर्ज कर जांच कर रही है। भांजी को मामा के यहां से उज्जैन लाया गया है।

काजीपुरा में रहने वाली रेखा बाई पति मेघराज 30 वर्ष की बेटी अंजलि तीन साल की थी, उस दौरान रेखा का भाई अर्जुन बहन की बेटी को अपने साथ ले गया था। उसने बहन से भांजी का पालन-पोषण करने की बात कही। 10 साल बाद भांजी अंजलि 13 वर्ष की हो गई। मामा अर्जुन ने उसका जावरा में रिश्ता तय कर दिया। यही नहीं शादी की पत्रिका भी छपवा ली। लेकिन अंजलि की मां रेखा को नहीं बताया। शुक्रवार को रेखा के दूसरे भाई लखन के पास व्हाट्स एप पर अंजलि की शादी होने की पत्रिका पहुंची तो लखन ने बहन रेखा को बताया। रेखा अपनी बेटी की शादी से अंजान थी। वह कम उम्र में बेटी की भाई द्वारा की जा रही शादी का विरोध करने ग्राम बांसखेड़ी पहुंच गई। जहां उसने अपनी बेटी को वापस उज्जैन लाने की बात कही। लेकिन अर्जुन ने मना कर दिया। यही नहीं अर्जुन ने बहन रेखा पर लोहे के सरिये से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुई रेखा को उसका दूसरा भाई लखन उपचार के लिए चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। इस दौरान अंजलि को भी उज्जैन लाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर भैरवगढ़ पुलिस द्वारा घायल रेखा के बयान दर्ज किए गए हैं। अर्जुन की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

गले मिलकर मुस्लिम समुदाय ने दी ईद की बधाई

- ईदगाह पर अदा की गई नमाज, अमन शांति की मांगी दुआ

उज्जैन। ईद-उल-फितर का त्यौहार शनिवार को मुस्लिम समाज द्वारा मनाया गया। मुख्य नमाज सुबह 8 बजे इंदिरागर स्थित ईदगाह पर हुई। शहरकाजी खलिकुर्रेहमान ने समाजजनों को ईद की नमाज अदा कराई और देश में अमन-चैन के लिए अल्लाह ताला से दुआ की गई।

30 दिनो तक पवित्र रमजान माह में खुदा की इबादत करने के बाद शनिवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद- उल-फितर का पर्व मनाया गया। शुक्रवार को चांद दिखाई देने पर मुस्लिम समाज में ईद की खुशियां छा गई थी। शनिवार सुबह ईदगाह पर मुख्य नमाज अता की गई देश में अमन शांति की दुआ मांगी गई।

बधाई देने प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे

शहर काजी के नमाज अता करने के बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज की शुरुआत हुई। ईदगाह पर प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे थे जिन्होंने शहर काजी के साथ मुस्लिम समुदाय को ईद पर्व की बधाई दी। शहर की मस्जिदों में नमाज अता होने के बाद समाज जनों द्वारा घरों में सेवइयां बनाकर मुंह मीठा किया। 30 दिनों तक रोजा रखने की परंपरा का समापन भी ईद के साथ समाप्त हो गया। मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जा रहे ईद के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट दिखाई दिया। सुबह से ही मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा था।

कार में मिली शराब

उज्जैन। अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हुई कार में हजारों की अवैध शराब भरी होना सामने आया है। पुलिस के पहुंचने से पहले चालक भाग निकला था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अवैध शराब परिवहन का मामला आबकारी अधिनियम में दर्ज किया है। तराना थाना पुलिस ने बताया कि नयाखेड़ा जोड़ रूपाखेड़ी मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली थी। जिसके चलते पुलिस मौके पर पहुंची। कार का चालक भाग चुका था। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब की सात पेटी भरी होना सामने आई। जिसकी कीमत 27 हजार रुपए से अधिक की थी। आशंका जताई गई कि कार चालक तेज रफ्तार होने की वजह से कार अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है।

दुर्घटना में बालक की मौत

उज्जैन। इंदौररोड पर हुई सड़क दुर्घटना में बालक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। नानाखेड़ा पुलिस चालक का पता लगा रही है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि इंदौररोड स्थित आलमपुर उड़ाना में सायकल सवार 13 साल के बालक आदित्य राजेश अग्रवाल को तेजगति से आये डम्पर ने टक्कर मार दी थी। बालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। परिजनों ने बताया कि आदित्य सायकल से किराना दुकान पर सामान लेने जा रहा था। पुलिस के अनुसार चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। जिसके नम्बर से चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में मर्ग कायम किया गया है।

युवक ने एसिड पीकर किया सुसाइड

उज्जैन। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि राजीव नगर में रहने वाले जीवन पिता प्रकाश शर्मा को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंचे इस दौरान सामने आया कि उसने एसिड पिया है। हालत गंभीर होने पर उसके बयान दर्ज नहीं हो सके। कुछ घंटे बाद शाम को उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए कक्ष में रखा गया है रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी सामने यह की जीवन में प्रेम विवाह किया था और उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी कुछ दिनों से वह लगातार शराब भी पी रहा था।

अधिकारी कर्मचारी संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

- संभाग कार्यालय पर हुआ आयोजन, दुपट्टा पहनाकर किया सम्मानित

उज्जैन। वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत की उज्जैन इकाई ने 20 मार्च को संभाग कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हेमराज घावरी, जितेन्द्र भाटी और रवि सिहोते के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

समारोह में उपस्थित समाजजनों और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को केसरिया गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दशरथ सीहोते, हेमराज घावरी, जितेन्द्र भाटी

और रवि सिहोते ने सभी पदाधिकारियों को आराध्य देव गोगा जी महाराज की शील्ड भेंट कर और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। रामु हंस ने बताया कि आयोजन में प्रदेश संगठन सचिव दशरथ सिहोते, विष्णु प्रसाद गोसर, जितेन्द्र कुमार गोसर, दिनेश लावरे, कमल फातरोड़, दिनेश तंवर, मोहनलाल करोसिया, संतोष टोपे, घनश्याम छपरी और कमल गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

स्वाद के शौकीनों का नया केंद्र नैवेद्य लोक

- यूडीए का छप्पन दुकान की तर्ज पर नानाखेड़ा निर्मित फूड झोन

उज्जैन। विकास प्राधिकरण द्वारा इंदौर की छप्पन दुकान की तर्ज पर नानाखेडा क्षेत्र उज्जैन में एक बडा फूड झोन नैवेद्य लोक के रूप में रू. 10 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। शहर के सबसे बेहतरीन शाकाहारी फूड कोर्ट में स्वाद का आनंद लेने के लिये यहां आकर्षक लाइटिंग के साथ साथ बैठने की उत्तम व्यवस्था एवं सुमधुर संगीत की भी व्यवस्था की गई है।

इस लोक में क्रमवार आकर्षक शॉप्स बनाकर शेड का भी निर्माण किया गया है ताकि धूप और बारिश भी आनंद में बाधा न बन सके । 19 मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किये जाने के पश्चात से यह खाने के शौकीनों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है । रोज़ाना शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक भारी भीड़ देखी जा रही है । 22 मार्च रविवार रात 10 बजे तक स्वाद का आनंद लिया जा सकता है। स्वाद के प्रेमियों के लिए अंतिम दो दिवस का अवसर है। उसके पश्चात आगामी दिनों में प्राधिकरण द्वारा इसकी निविदा विज्ञप्ति निकाली जाएगी। इसके बाद दुकानों की ऑनलाइन बुकिंग होगी। फिर यहां नियमित रूप से फूड बिज़नेस शुरू किया जाएगा। वेद्य लोक उज्जैन में एक नया फूड हब बनकर उभर रहा है जो प्रमुख खान- पान केंद्र बनेगा।

महाराज का यू टर्न.... पूर्व में स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर इस्तीफे की पेशकश की थी

महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी सिंहस्थ 2028 तक बने रहेंगे

उज्जैन। महाकाल मंदिर स्थित महानिर्वाणी अखाड़े के महंत गादीपति विनीत गिरि महाराज के इस्तीफे के चर्चा के बीच शनिवार को नया मोड़ आ गया। विनीत गिरि महाराज ने अपने इस्तीफे से यू-टर्न लिया है।

उन्होंने अपना इस्तीफा देने से ही मना कर दिया और सिर्फ इस्तीफे की पेशकश की बात कही। इधर, पिछले तीन दिन से चल रही उठापटक के बीच उज्जैन पहुंचे महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव और अन्य पदाधिकारियों ने महंत के इस्तीफे को अस्वीकार करते हुए साफ कहा कि आगामी कुंभ यानी सिंहस्थ 2028 तक तो विनीत गिरि महाराज ही यहां के महंत पद पर बने रहेंगे। इसके बाद आगे अखाड़ा निर्णय लेगा। पहले अपना स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर महाकाल मंदिर में स्थित महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनित गिरि महाराज ने इस्तीफे दे दिया था ऐसी खबर चर्चा में आई थी।

महंत के इस्तीफे का मामला चर्चा में आने के बाद महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी महाराज सहित अन्य संत शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित अखाड़े में जाकर संतों के साथ बैठक की। फिर महंत विनित गिरि महाराज से मिले। इसके बाद उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह से भी मुलाकात की। उन्होंने बड़नगर रोड पर बन रहे नए अखाड़े के निर्माण भी देखा। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने बताया कि फिलहाल महंत विनित गिरि महाराज के इस्तीफे की कोई बात नहीं है। वे अखाड़े के महंत बने रहेंगे।

इस पूरे मामले में विनीत गिरि महाराज ने मीडिया से चर्चा में कहा कि उन्होंने अस्वस्थ होने के चलते पूर्व में अखाड़े को इस्तीफा भेजा था। लेकिन अब तक अखाड़े ने इस पर कोई निर्णय ही नहीं लिया। हालांकि शनिवार को जब अखाड़े के पदाधिकारी मामले में चर्चा के लिए जब उज्जैन पहुंचे तो उन्होंने इस्तीफा देने से इनकार करते हुए कहा कि सिर्फ इसकी पेशकश की थी, इस्तीफा नहीं दिया है।

यूपी के डिप्टी सीएम पहुंचे महाकाल

उज्जैन। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शनिवार को परिवार के साथ महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने नंदी हाल में बैठकर पूजन अभिषेक कर भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान पाठक पत्नी नम्रता पाठक भी उपस्थित थी। परिवार ने नंदी जी का पूजन कर चांदी द्वार पर खड़े होकर पुजारियों के जरिए भगवान महाकाल को जल अर्पित कराया। पाठक का पूजन पुजारी संजय शर्मा ने संपन्न कराया। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी महाकाल दर्शन करने आए।